वर्ष 2000 –2001 की हिन्दी रिपोर्ट

जल संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीनस्थ राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान अपनी स्थापना काल से ही अपने संवैधानिक दायित्वों की प्रतिपूर्ति में सदैव अग्रणी रहा है एवं हिन्दी के प्रचार-प्रसार में विशेष योगदान दे रहा है । इस क्रम में विगत वर्ष 11 सितम्बर से 15 सितम्बर 2000 के दौरान संस्थान में हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के वैज्ञानिकों,अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया ।

हिन्दी सप्ताह के दौरान हिन्दी दिवस पर मुख्य अतिथि डॉ० योगेन्द्र नाथ शर्मा " अरूण" प्राचार्य रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली ने हिन्दी वार्षिक पत्रिका " प्रवाहिनी" का विमोचन किया एवं अपने भाषण में संस्थान में किये जा रहे हिन्दी में तकनीकी विकास की सराहना की ।

विगत वर्ष के दौरान राजभाषा हिन्दी कार्यान्वयन समिति की तीन बैठकों का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व बैठक की अनुवर्ती गतिविधियों का अवलोकन किया गया और वर्ष 2001 -2002 का वार्षिक कार्यक्रम निर्धारित किया गया । सन् 2000 में अति हर्ष का विषय रहा कि इस वर्ष संस्थान को उसके हिन्दी कार्य में मूल्यवान प्रगति हेतु मंत्रालय की ओर से चल वैजयन्ती द्वितीय पुरस्कार - चल वैजयन्ती कप से सम्मानित किया गया ।

विगत वर्ष में प्रवाहिनी एवं वार्षिक प्रतिवेदन के सफलतापूर्वक प्रकाशन किये गये । " बाढ़ एवं सूखा" विषय पर एक हिन्दी में पुस्तिका तैयार की गई जिसका प्रकाशन होना है । स्कूली बच्चों के लिये जलविज्ञानीय सम्बन्धी छोटी - छोटी पुस्तिकायें तैयार कर स्कूलों में (जलविज्ञानीय व जल की महत्वता के ज्ञान हेतु) बँटवाने का प्रावधान है ।

हिन्दी अधिकारी

(11- 15 सितम्बर, 2000) हिन्दी सप्ताह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में निम्नलिखित विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये गये ।

निबन्ध प्रतियोगिता

प्रथम : श्री पंकज कुमार गर्ग
द्वितीय : श्री तेजपाल सिंह
तृतीय : श्रीमती अन्जु चौधरी

काव्यपाठ प्रतियोगिता

प्रथम : डॉ० पी०के०माहपात्रा
द्वितीय : श्री मुकेश कुमार शर्मा
तृतीय : श्रीमती अन्जु चौधरी

मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

प्रथम : डॉ० पी०के० माहपात्रा,श्री सुभाष किचलू, श्री तेजपाल सिंह
द्वितीय : श्री पंकज गर्ग, श्री मनोहर अरोड़ा, श्री नीरज भटनागर

टंकण प्रतियोगिता

प्रथम : श्री रजनीश कुमार गोयल
द्वितीय : श्री नरेश
तृतीय : श्री प्रमोद कुमार

वाद -विवाद प्रतियोगिता

प्रथम : डॉ० पी०के०माहपात्रा
द्वितीय : श्री मुकेश कुमार शर्मा
तृतीय : श्री एस० के० जैन

अंताक्षरी प्रतियोगिता

प्रथम : श्रीमती अन्जु चौधरी/श्री तेजपाल सिंह/ श्री महीपाल सिंह
द्वितीय : श्रीमती सीमा शारदा/श्री पी०के० अग्रवाल/ श्री दिगम्बर सिंह